**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1194**

**सोमवार, 11 दिसम्बर, 2023/20 अग्रहायण, 1945 (शक)**

**तमिलनाडु में नए ईएसआईसी अस्पताल**

**1194. सुश्री एस. जोतिमणि:**

क्या **श्रम और रोजगार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु में नए ईएसआईसी अस्पतालों की स्थापना और इसके लिए आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार करूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में ईएसआईसी अस्पताल को स्वीकृति देने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) 2014 से लेकर अब तक ईएसआईसी के तहत स्थापित किए गए अस्पतालों और औषधालयों की विशेषकर तमिलनाडु राज्य के लिए राज्य-वार सूची क्या है;

(घ) क्या यह सच है कि ईएसआईसी अस्पतालों और औषधालयों में बड़ी संख्या में रिक्तियां हैं; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार के पास इन रिक्तियों को भरने की कोई राज्य-वार योजना है;

(च) क्या उक्त अस्पतालों में बुनियादी ढ़ांचे और सुविधाओं की कमी है; और

(छ) यदि हां, तो विशेषकर तमिलनाडु राज्य सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क) से (छ): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने तमिलनाडु में निम्नलिखित नए कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पतालों का अनुमोदन किया है:

| क्र.सं. | अस्पताल का नाम | (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|
| 1 | तिरुपुर, तमिलनाडु में 100 बिस्तरों वाला ईएसआई अस्पताल | 95.13 |
| 2 | तूतीकोरिन, तमिलनाडु में 100 बिस्तरों वाला ईएसआई अस्पताल | 138.54 |
| 3 | तमिलनाडु के श्रीपेरम्बुदुर में 100 बिस्तरों वाला ईएसआई अस्पताल | 146.54 |
| 4 | चेंगलपट्टु में 100 बिस्तरों वाला ईएसआई अस्पताल | * |
| 5 | इरोड में 100 बिस्तरों वाला ईएसआई अस्पताल | * |
| 6 | वानियामबाड़ी में 100 बिस्तरों वाला ईएसआई अस्पताल | * |
| 7 | डिंडिगुल में 100 बिस्तरों वाला ईएसआईसी अस्पताल | * |
| 8 | नागरकोइल, कन्याकुमारी में 100 बिस्तरों वाला ईएसआईसी अस्पताल | * |

* भूमि के आबंटन/उपयुक्त भूमि के मूल्यांकन के पश्चात निधियों का आबंटन

कर्मचारी राज्य बीमा निगम के मानदंडों के आधार पर तमिलनाडु सरकार से करूर में ईएसआईएस औषधालय को 30 बिस्तरों वाले अस्पताल में स्तरोन्नत करने का प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया है।

वर्ष 2014 से स्थापित अस्पतालों और औषधालयों की राज्य-वार सूची **अनुबंध-I** में दी गई है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अस्पतालों और औषधालयों में रिक्तियों की राज्य-वार सूची **अनुबंध-II** में दी गई है।

नर्सिंग अधिकारियों के संवर्ग में 1930 रिक्तियों की भर्ती के लिए एक प्रस्ताव संघ लोक सेवा आयोग को प्रस्तुत किया गया है। डाक्टरों और पराचिकित्सीय स्टाफ के रिक्त पदों को भरने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

कुछ ईएसआई अस्पतालों में स्वीकृत बिस्तर पूरी तरह से उपयोग में नहीं लाए गए हैं। तमिलनाडु राज्य में ऐसे दो अस्पताल हैं।

** *****

**अनुबंध-I**

**दिनांक 11.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1194 के भाग (क) से (छ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**वर्ष 2014 से ईएसआईसी के तहत स्थापित अस्पतालों और औषधालयों की राज्यवार सूची**

| क्र.सं. | राज्य | परियोजना का नाम |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | • गुनाडाला, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में एसआरओ और आवास ब्लॉक का निर्माण।<br>• मेडिकल कॉलेज, सनथनगर, हैदराबाद, ए.पी। |
| 2. | बिहार | • ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, बिहटा, पटना, बिहार। |
| 3. | छत्तीसगढ | • छत्तीसगढ़ के कोरबा में 100 बिस्तरों वाला ईएसआईसी अस्पताल। |
| 4. | गुजरात | • ईएसआई अस्पताल, अंकलेश्वर, गुजरात।<br>• ईएसआई डिस्पेंसरी, मणिनगर, गुजरात। |
| 5. | हरियाणा | • ईएसआई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, फरीदाबाद, हरियाणा। |
| 6. | हिमाचल प्रदेश | • ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, मंडी, हिमाचल प्रदेश। |
| 7. | झारखंड | • आदित्यपुर, झारखंड में 100 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल और स्टाफ क्वार्टर का निर्माण। |
| 8. | कर्नाटक | • ऑडिटोरियम एंड नर्सिंग कॉलेज, इंदिरा नगर, बैंगलोर, कर्नाटक।<br>• ईएसआईसी पैरा-मेडिकल कॉलेज (एनआईएचएएस), गुलबर्गा, कर्नाटक।<br>• ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज और 500 बिस्तरों वाला अस्पताल गुलबर्गा, कर्नाटक। |
| 9. | केरल | • मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, परिपल्ली, गांव, कोल्लम जिला, केरल।<br>• ईएसआई डिस्पेंसरी विलक्कूड़ी, केरल।<br>• डॉ. डिस्पेंसरी, कुलशेखरपुरम, केरल।<br>• ईएसआई डिस्पेंसरी, वादावाथुर, केरल। |
| 10. | महाराष्ट्र | • शाखा कार्यालय और औषधालय वालुज, औरंगाबाद, महाराष्ट्र।<br>• वाशी, मुंबई, महाराष्ट्र में 100 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल का पुनरुद्धार और विस्तार।<br>• मेडिकल कॉलेज, परेल, मुंबई, महाराष्ट्र।<br>• एमजीएम परेल, मुंबई, महाराष्ट्र में नर्सिंग कॉलेज और ईएसआईसी अस्पताल के लिए पीजी हॉस्टल/स्टाफ हाउसिंग।<br>• बिबवेवाड़ी, पुणे, महाराष्ट्र में मौजूदा ईएसआईसी अस्पताल का 50 से 100 बिस्तरों तक उन्नयन और नवीनीकरण। |
| 11. | ओडिशा | • जगतपुर, ओडिशा में ईएसआई औषधालय।<br>• झारसुगुडा, ओडिशा में औषधालय, शाखा कार्यालय और स्टाफ क्वार्टर।<br>• ईएसआई अस्पताल, भुवनेश्वर, ओडिशा। |
| 12. | राजस्थान | • ईएसआई अस्पताल, जयपुर, राजस्थान।<br>• ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, अलवर, राजस्थान<br>• 100 बिस्तरों वाला ईएसआईसी अस्पताल, उदयपुर, राजस्थान।<br>• बीकानेर, राजस्थान में 30 बिस्तरों वाला ईएसआई अस्पताल।<br>• डिस्पेंसरी, नीमराना, राजस्थान। |
| 13. | तमिलनाडु | • कोयम्बटूर, तमिलनाडु में मेडिकल कॉलेज, अस्पताल और मौजूदा ईएसआईसी अस्पताल परिसर में संबद्ध सुविधाएं।<br>• अयानावरम, तमिलनाडु में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए अस्पताल भवन और अन्य सुविधाओं का उन्नयन। |
| 14. | उत्तर प्रदेश | • पांडेयपुर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश में ईएसआईसी के लिए 150 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल।<br>• शाखा कार्यालय और ईएसआई औषधालय, रायबरेली, उ.प्र.।<br>• शाखा कार्यालय और ईएसआई औषधालय, पनकी, कानपुर, उत्तर प्रदेश। |
| 15. | उत्तराखंड | • उत्तराखंड के रुद्रपुर में 100 बिस्तरों वाला ईएसआईसी अस्पताल। |
| 16. | पश्चिम बंगाल | • अस्पताल और पीजी मानिकतला, पश्चिम बंगाल।<br>• ईएसआई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, जोका, कोलकाता, पश्चिम बंगाल।<br>• 300 बिस्तरों वाला ईएसआईसी अस्पताल, बाल्टिकुरी, हावड़ा, पश्चिम बंगाल। |

**अनुबंध-II**

**दिनांक 11.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1194 के भाग (क) से (छ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**मेडिकल/नर्सिंग/पैरामेडिकल के संबंध में रिक्तियों की स्थिति का विवरण**

| क्र.सं. | क्षेत्र का नाम | चिकित्सक | शिक्षक संकाय | समूह क नर्सिंग | समूह ख नर्सिंग | समूह ख पैरामेडिकल | समूह ग पैरामेडिकल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | असम | 29 | 0 | 12 | 126 | 2 | 128 |
| 3 | बिहार | 79 | 74 | 16 | 218 | 1 | 361 |
| 4 | छत्तीसगढ | 53 | 0 | 11 | 141 | 4 | 62 |
| 5 | दिल्ली | 312 | 78 | 62 | 321 | 106 | 601 |
| 6 | गोवा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | गुजरात | 152 | 0 | 22 | 166 | 4 | 285 |
| 8 | हरियाणा | 63 | 155 | 26 | 311 | 13 | 598 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 32 | 0 | 1 | 13 | 2 | 46 |
| 10 | जम्मू | 14 | 0 | 0 | 12 | 0 | 41 |
| 11 | झारखंड | 37 | 0 | 1 | 28 | -1 | 38 |
| 12 | कर्नाटक | 81 | 82 | 9 | 66 | 4 | 375 |
| 13 | केरल | 143 | 0 | 20 | 102 | 0 | 137 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 82 | 0 | 2 | 9 | 1 | 27 |
| 15 | महाराष्ट्र | 265 | 0 | 15 | 253 | 3 | 427 |
| 16 | ओडिशा | 54 | 0 | 7 | 84 | 3 | 62 |
| 17 | पुदुचेरी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | पंजाब | 52 | 0 | 3 | 41 | 0 | 42 |
| 19 | राजस्थान | 117 | 80 | 28 | 375 | 3 | 550 |
| 20 | तमिलनाडु | 80 | 69 | 24 | 59 | 3 | 156 |
| 21 | तेलंगाना | 0 | 188 | 6 | 380 | 4 | 647 |
| 22 | उत्तर प्रदेश | 188 | 0 | 32 | 258 | 0 | 340 |
| 23 | उत्तराखंड | 45 | 0 | 6 | 81 | 3 | 82 |
| 24 | पश्चिम बंगाल | 33 | 60 | 6 | 53 | 3 | 191 |

*****